



नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025



## एक नजर में

### पार्षद इमरान खान ने कमिश्नर से की वार्ड में कुत्ते पकड़ने की मांग

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 13 में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिक भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। मोहल्लों और गलियों में बड़ी संख्या में कुत्तों के घूमने से लोगों का आना-जाना तक प्रभावित हो गया है। वार्ड के पार्षद इमरान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को वार्ड में एक छोटे बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया, जिसमें बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नगर निगम द्वारा कुत्तों को पकड़ने में लापरवाही बरती जा रही है। पार्षद खान ने नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि वार्ड में शीघ्र ही कुत्ते पकड़ने वाली टीम भेजी जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और वे सुरक्षित वातावरण में रह सकें।

### होटल, लॉज एवं गार्डन की पुलिस कर रही जांच



**माकड़ोन।** थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के सभी होटल, लॉज, धर्मशाला और गार्डन की चैकिंग की गई। आरक्षक जितेंद्र सिंह ने संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश एवं जागरूकता प्रदान की। बैठक में प्रमुख रूप से यह निर्देश दिए गए कि सभी संचालक अपने यहां आने वाले अतिथियों और आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी प्रतिदिन थाने को दें। उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, विवाह और सामाजिक कार्यक्रम स्थलों पर जागरूकता बैनर लगाएं, 24 घंटे चौकीदार, गार्ड की ड्यूटी सुनिश्चित करें और क्षेत्र में घटित घटनाओं से सतर्क रहें। श्री वेदेव मेरिज गार्डन का निरीक्षण किया। माकड़ोन थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत ने कहा कि यह कदम नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

### स्व. इंदिरा गांधी की जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित



**उज्जैन।** स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जन्म जयंती पर उज्जैन जिला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित देवव्रत यादव के नेतृत्व में इंदिरा प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, रवि राय, चंद्रभान सिंह चंदेल, अजय राठौर, हेमंत गोमे, सतीश मरमट की उपस्थिति में युवा कांग्रेस परिवार ने इंदिरा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इंदिरा जी को याद किया।

### विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई

**उज्जैन।** विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी बहनों, द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। दुर्गा वाहिनी उज्जैन जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई वो वीरांगना मर्दानी थी जिसने इतिहास हिला दिया था। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने साहस को सबसे बड़ा शस्त्र बना लिया था, ऐसे महान क्रान्तिकारी की जयंती पर दुर्गा वाहिनी बहनों ने फुलों की माला प्रतिमा पर अर्पित कर महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को याद किया। दुर्गा वाहिनी उज्जैन जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि इस दौरान मातृशक्ति की विभाग संयोजिका लता चैहान, जिला संगठन मंत्री मनोहर आंजना, जिला सह मंत्री कैलाश बैरागी, बजरंग दल के जिला सह संयोजक लवेश सोनी, प्रखंड की रचना चैहान, दिव्या निगम, भावी यादव आदि मौजूद रहे। विश्व हिन्दू परिषद् दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा धूल से सनी थी, आसपास भी अव्यवस्था और गंदगी थी। आपने नगर निगम प्रशासन से अनुरोध किया कि जहां जहां क्रांतिकारियों की स्मृति में उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए, हमने प्रतिमाएं उनके सम्मान के लिये बनाई है, अव्यवस्था होने से उनका अपमान होता है। इसलिए क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर विशेष रूप से साफ सफाई की जाए।

### भारत स्काउट गाइड का दल रवाना




**माकड़ोन।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ आगर मालवा से 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी डायमंड जुबली लखनऊ 19 सदस्य दल सम्मिलित होने के लिए रवाना हुआ। जिला संघ उपाध्यक्ष पंकज अटल, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट एमके जाटव, अनुभूति सिंह, मंगलेश सोनी ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। मनोज शर्मा, इंदिरा राजोरा की लीडरशिप में रवाना किया। सभी जिला संघ के पदाधिकारियों ने शिविर के लिए शुभकामनाएं दी।

### झांसी की रानी जयंती पर रंगोली प्रतियोगिता व पौधारोपण



**घट्टिया।** आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाली देश की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही छात्राओं को स्टेशनरी कीट प्रदान की गई। प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। उपस्थित छात्राओं से अभाविप कार्यकर्ताओं ने शिक्षा अर्जन पर चर्चा की जिसपर छात्राओं ने कहा कि विद्यालय को बारहवीं कक्षा तक किया जाए। कार्यक्रम में अभाविप के उज्जैन ग्रामीण संगठन मंत्री अक्षत जोशी, शिक्षक विजय पाटीदार, सुनीता भट्ट, रेणु तोमर सहित कार्यकर्ता व छात्राएं उपस्थित थी।

## सह प्रांत प्रमुख एवं विभाग समन्वयक का माकड़ोन शिशु मंदिर में दौरा



**माकड़ोन। ज्ञान, चरित्र एवं संस्कारों की त्रिवेणी के रूप में प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माकड़ोन में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मालवा प्रांत नगरीय शिक्षा के सह प्रांत प्रमुख सुंदरलाल शर्मा तथा उज्जैन विभाग के विभाग समन्वयक राकेश जोशी का स्नेहिल आगमन एवं निरीक्षण दौरा सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विद्यालय परिसर एवं कक्षा-कक्षों का अवलोकन कर शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संचालन समिति के सचिव जयप्रकाश सरिया एवं संस्था प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा के साथ विद्यालय के विकास कार्यों तथा कार्यालयीन अभिलेखों पर विस्तृत चर्चा की गई।**

इसके उपरांत अतिथियों द्वारा आचार्य परिवार की बैठक ली गई। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षण पद्धति, आचार्य-दीदी प्रशिक्षण, बोर्ड कक्षाओं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम, छात्र संख्या वृद्धि, शैक्षिक नवाचार तथा क्रियात्मक शिक्षण, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सचिव जयप्रकाश सरिया, वरिष्ठ सदस्य श्याम कारपेंटर सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम संबंधी जानकारी पाली व्यवस्था प्रमुख एवं मीडिया प्रभारी आचार्य देवनारायण प्रजापति ने दी।




## लोकगायन के जरिए देश के विकास की बात

**उज्जैन।** कार्तिक मेले मे चल रही विकसित भारत 2047, मल्टी मीडिया फोटो प्रर्दशनी में बड़ी संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के विजन को समझ और देख रहे हैं। प्रदर्शनी में आए विजिटर्स केन्द्र साथ केन्द्र सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन को लेकर संवाद किया जा रहा है। विभागीय सांस्कृतिक दलों की प्रतिदिन शाम को पारंपरिक लोकगीत,नृत्य, माच के साथ ही स्थानीय एव इंदौर के गीत संगीत के आयोजन हो रहै है। मालवा सुर संगम की अध्यक्षा शीतल सिसोदिया के संयोजन में मंगलवार को इंदौर की संस्था हम साथ साथ है ने शानदार संगीत संध्या की। इस अवसर पर इंदौर के ख्यात कलाकार उत्तम सिंह वालिया, हरि दर्शन सिंह, अरविंद सिंह भदौरिया, हेमंत सिंह चौहान, अशोक पतेरा, ईशा जाटवा, आरती जादौन, निरंजन जोनवाल, तृप्ति मित्तल, यश नामदेव, विजय राठौर, दारासिंह चौधरी ने शानदार नए पुराने गीतमाला संजोई। साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार ने प्रश्नमंच के जरिए संवाद किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। परमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी 22 नवंबर को संपन्न होगी।

## वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में वंदना ठाकुर ने लहराया तिरंगा




**उज्जैन। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन की महिला बॉडीबिल्डर वंदना ठाकुर ने वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर तिरंगा लहराया।**

उक्त खेल आशय की जानकारी प्रदान करते हुए राज्य शरीर शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव, पूर्व मिस्टर इंडिया, राज्य इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने बताया कि इंडोनेशिया के बॉटम शहर रियाऊ प्रांत में 11 से 17 नवंबर तक पुरुष एवं महिला वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक चैंपियनशिप का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। उक्त स्पर्धा में वंदना ठाकुर ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बाइसेप्स, ट्राइसेप्स, एब्डोमिनल, बेक, फ्रंट, थाई, कॉफ आदि मसल्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण वर्ल्ड में नंबर वन का खिताब हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता एवं भारतीय तिरंगे को शान से लहराया। नारी शक्ति की आयरन लेडी वंदना ठाकुर की गौरव मयी उपलब्धि पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के खेल क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

## अजाक्स 23 को उज्जैन से भोपाल अधिवेशन में शामिल होने के लिए होगा रवाना

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन द्वारा संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी के नेतृत्व में 23 नवंबर 2025 को भोपाल में होने वाले अधिवेशन में शामिल होने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सचिव विक्रम सिंह परमार एवं रतन गोयल ने बताया कि अधिवेशन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। अधिवेशन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर परिसर, तुलसी नगर, भोपाल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उज्जैन जिले से बड़ी संख्या में लोगों पहुंचेंगे। संभाग के सभी जिलों, तहसीलों एवं ब्लॉकों से 3 हजार से अधिक कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होकर रवाना होंगे। उज्जैन सम्भाग मुख्यालय से सुबह 7 बजे रवाना होंगी जो निर्धारित समय पर भोपाल पहुंचेंगी।

## संस्कृति संवर्धन हेतु मालवा प्रांत संत-कथावाचक समागम संपन्न

- **कथावाचक-समागम में मालवा प्रांत के 205 कथा वाचक हुए शामिल**




**उज्जैन। मालवा प्रांत में संस्कृति संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित संत-समागम एवं कथावाचक-समागम उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के समीप स्थित माधव सेवा न्यास परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। यह कार्यक्रम विगत दो दिनों से निरंतर चल रहा था।**

18 नवम्बर को आयोजित संत-समागम में मालवा प्रांत के कुल 245 संत अपेक्षित थे, जिनमें से 185 संतों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें अनेक महामंडलेश्वर संत भी सम्मिलित हुए। इसके उपरांत 19 नवम्बर को आयोजित कथावाचक-समागम में मालवा प्रांत के 255 कथा वाचक अपेक्षित थे, जिनमें से 205 कथा वाचक उपस्थित रहे।

दोनों बैठकों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने उपस्थित संतों एवं कथा वाचकों से धार्मिक, सामाजिक, नशा मुक्ति, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता तथा नागरिक अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर पूरे समय मालवा प्रांत संघचालक माननीय डॉ. प्रकाश शास्त्री तथा डॉ. कृष्ण गोपाल की गरिमामयी उपस्थिति बनी रही। यह समागम मालवा प्रांत में सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

## 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन

- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सहकारी व्यापार मॉडल मे नवाचार का आयोजन**




**उज्जैन।** 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सहकारी व्यापार मॉडल मे नवाचार का आयोजन कार्यालय संयुक्त आयुक्त, सहकारिता विभाग संभाग उज्जैन व जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन एवं नारी शक्ति महिला साख सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सहकारी व्यापार मॉडल में नवाचार, विषय पर सहकारी सप्ताह का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता, उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन के पाटनकर, मुख्य अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष, किशनसिंह भटौल एवं विशिष्ट अतिथि संजय कौशल, सहायक आयुक्त, अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग उज्जैन व विशेष अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश जिंदल, सहकारिता विभाग के आडिट आफीसर संजीव शर्मा, एन. सी. डी. सी. भोपाल के यंग प्रोफेशनल अधिकारी, ऋषभसिंह एवं नारी शक्ति महिला साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन की अध्यक्ष ज्योति तिवारी एवं संस्था की महिला सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकम के शुभारम्भ में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनसिंह भटौल का साफा बांधकर व शाल, श्रीफल, देकर व नारी शक्ति महिला साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन की अध्यक्ष ज्योति तिवारी का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

अतिथियों एवं संस्था की सदस्यों का स्वागत जिला सहकारी संघ उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने किया और आपने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा कुटीर उधोग के माध्यम से गृह उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर घर पहुंच सेवा के साथ कार्य करे जिससे कि उनकी व संस्था की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकें। महिला समूह की महिला सदस्यों से अपील की है कि सरकार और सहकारिता विभाग द्वारा उनके आर्थिक सहयोग हेतु अलग-अलग ऐजेंसीयां नियुक्त कर रखी है, उनसे अपना आर्थिक लाभ प्राप्त कर समूह द्वारा किये जा रहे कार्यों से सहकारिता को सुदृढ़ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम में किया परिमाणात्मक शोध में सैंपलिंग डेटा विश्लेषण और उसकी व्याख्या

- **भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में गुणात्मक अनुसंधान की रूपरेखा उसके उपकरण तथा डेटा पर रखे विचार**

**उज्जैन।** निर्मला महाविद्यालय उज्जैन एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में गुणात्मक अनुसंधान की रूपरेखा उसके उपकरण तथा डेटा एवं परिमाणात्मक शोध में सैंपलिंग डेटा विश्लेषण और उसकी व्याख्या' विषय पर अपने विचार रखे।

मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. जफर महमूद, प्रोफेसर पीएम श्री. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमी राठौर एसोसिएट प्रोफेसर जेआरएन युनिवर्सिटी उदयपुर रहे। आपने भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में गुणात्मक अनुसंधान की रूपरेखा उसके उपकरण तथा डेटा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. शैलेष त्रिपाठी प्राचार्य लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर गणित विभाग, शासकीय महाविद्यालय माकडोन ने परिमाणात्मक शोध में सैंपलिंग डेटा विश्लेषण और उसकी व्याख्या विषय पर अपने विचार प्रकट किए। अतिथियों का स्वागत निर्मला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कीर्ति डिड्डी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। दोनों सत्रों का विवरण डॉ. सुनीता शर्मा एवं डॉ. मीनू खान द्वारा पूर्ण किया गया। सत्र का संचालन एवं आभार डॉ. नितिन जौहरी द्वारा किया गया।

**एक नजर** 23वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के चतुर्थ दिवस वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

## विश्व संघर्षों के बीच समाधान की राह महात्मा गांधी के मानवीय मूल्यों में ही दिखाई देती है : शैलजा बारुरे

**उज्जैन। महात्मा गांधी एक मानवतावादी विचारक थे और मानव जीवन के लिए आवश्यक मूल्यों को उन्होंने अपने आचरण से स्थापित किया। उनका संपूर्ण जीवन मानवतावाद का प्रयोगशाला था। भारत की आजादी के संघर्ष में उनका प्रत्येक आंदोलन मानवता के मूल्यों के साथ जारी रहा। भारत में उन्होंने जो भी मानवतावादी प्रयोग किए, उनके परिणामों का लाभ केवल हमारे देश ने नहीं, पूरी दुनिया ने महसूस किया। इसलिए गांधी को केवल राष्ट्रपिता ही नहीं, बल्कि मानवता को स्थायी मूल्य देने वाले हमारे महान पूर्वज के रूप में समझना चाहिए। आज वैश्विक संघर्षों के बीच समाधान की राह महात्मा गांधी के मानवीय मूल्यों में ही दिखाई देती है**




उक्त विचार वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं महात्मा गांधी स्टडी सेंटर, अंबाजोगई महाराष्ट्र की निदेशक शैलजा बारूरे ने कर्मयोगी स्व. कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ की प्रेरणा और पद्मभूषण डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की स्मृति में भारतीय ज्ञानपीठ में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के चतुर्थ दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में डिजिटलि व्यक्त किए। महात्मा गांधी और मानवतावाद विषय पर अपनी बात रखते हुए माननीया श्रीमती शैलजा बारूरे ने कहा कि गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से सिद्ध किया कि अन्याय और शोषण का अंत रचनात्मक और अहिंसात्मक मार्ग से भी संभव है। आज भी विश्व की प्रत्येक बड़ी समस्या के समाधान में गांधी के विचार सबसे विश्वसनीय मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहते हैं। उन्होंने लोगों में यह भाव जगाया कि यदि कोई कानून या नियम मनुष्य के हित में नहीं है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है—नमक सत्याग्रह इसका जीवंत प्रमाण बन गया। जीवन का ऐसा कोई पक्ष नहीं है जिसमें गांधी का योगदान न हो। वे केवल भारत के मार्गदर्शक नहीं, बल्कि पूरे विश्व और पृथ्वी की रक्षा के लिए नई दृष्टि देने वाले युगपुरुष रहे हैं—और आज जब विश्व संघर्षों से घिरा है, समाधान की राह फिर से गांधी के मानवीय मूल्यों में ही दिखाई देती है।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद्, डॉ.अंबेडकर पीठ, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की डॉ. निवेदिता वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को हमने केवल जयंतियों और पुण्यतिथियों तक सीमित कर दिया है। जबकि उनका दर्शन असल में जीवन और समाज का व्यापक मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम की शुरुआत सद्भावना एवं देशभक्ति गीत से हुई।

दीप प्रज्वलन वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. स्मिता भंवालकर, डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. पुष्पा चौरसिया, सोनू गहलोत, डॉ. शैलेंद्र पाराशर, अमृता कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। अतिथि स्वागत प्राचार्यगण डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीलम महाडिक, रचना श्रीवास्तव, जयनिथ बग्गा ने किया।

इस अवसर पर संध्या महाजन, अक्षय अमेरिया, विनोद काबरा, रमेश सुभाग्य, एडवोकेट दिनेश पंडया, प्रो. बृज किशोर शर्मा, डॉ. चंदर सोनाने, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन मयूरी वैरागी ने किया। व्याख्यानों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित कम्युनिटी रेडियो दस्तक 90.8 एफएम पर भी सुना गया।